## बिजली के तारों और पानी से हो सकती थी बड़ी दुर्घटना, किसान को हुआ नुकसान

# डीपी के खुले तारों से कच्चीढाना में मवेशी की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

पुरानी बस्ती कच्चीधाना रामपेठ माल क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही ने गुरुवार को एक किसान की रोजी-रोटी छीन ली। किसान सुधीर मोरे का मवेशी खुले बिजली तारों की चपेट में आकर काल के गाल में समा गया है। मिली जानकारी के अनुसारपुरानी बस्ती में लगे बिजली डी.पी से तार खुले रूप में नीचे तक लटके हुए थे।रोज की तरह किसान का मवेशी चराई के लिए निकला और बिजली डीपी के पास पहुंचा, तभी खुले तारों से करंट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। किसान सुधीर मोरे ने बताया कि दूसरों की लापरवाही के चलते मवेशी की मौत हो गई। खुले बिजली



तारों के चलते कोई बड़ी दुर्घटना भी घटित हो सकती थी।मृत मवेशी की कीमत करीब 60,000 रुपये थी। मवेशी की मौत होने के चलते हमारा बड़ा नुकसान हो गया है। इस दौरान मौके पर पहुचे ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों के बाद भी विभाग ने तारों की मरम्मत या सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं कीये जा रहे है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कच्चीधाना माइंस कंपनी का पानी उसी स्थान पर लंबे समय से जमा हो रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद कंपनी ने जल निकासी की व्यवस्था नहीं बनाई है।जिसके कारण करंट का खतरा और भी बढ़ गया है। पीड़ति किसान ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए,खुले तारों को तुरंत हटाकर सुरक्षित व्यवस्था की बनानी चाहिए अन्यथा भविष्य में बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कच्चीधाना माइंस कंपनी के द्वारा भी लापरवाही के साथ मे कार्य किया जा रहा है। नियमों एवं वादे के अनुसार माइंस प्रबंधन के द्वारा कॉलोनी एवं मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया है। जिसके कारण रोजमर्रा के जीवन यापन करने के लिए कॉलोनी वासियों को हर दिन परेशान होना पड़ रहा है।

## चोर ले गए जेवरात एवं कैश

### बड़कुही में सूना घर देखकर हो रही है चोरी

**परासिया।** बड़कुही में सूना घर देखकर लगातार चोरी हो रही है। डेढ़ माह में दो बड़ी चोरी हुई, जिसमें चोरों के द्वारा केवल सोने एवं चांदी के जेवरात और कैश ले गए। खास बात यह रही कि दोनों चोरी एक ही मोहल्ले में हुई। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 12 में रहने वाले मोहम्मद जुनैद के घर में गत मंगलवार की रात में चोरी हुई। चोर आलमारी खोलकर सोने का मंगलसूत्र एवं कान की झुमकी, चांदी की पायल तथा 7 हजार नगद राशि ले गए। चोरी जिस रात में हुई उस समय घर में कोई नहीं था। मोहम्मद जुनैद ने बताया कि हालत गंभीर होने पर उसकी मां नागपुर में इलाज के लिए भर्ती है। इसलिए पिछले 10 दिनों से घर में कोई नहीं है। मां बेहोशी हालत में वेंटीलेटर पर है। वहीं चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस चौकी प्रभारी एवं स्टाफ ने आकर घटना की जांच की।इसी तरह मोहम्मद जुनैद के घर से मात्र 50 मीटर दूरी पर रहने वाले सेवानिवृत शिक्षक मसीह के घर में डेढ़ माह पूर्व रात में चोरी हुई थी। चोर आलमारी तोड़कर सोने के जेवर ले गए है। चोरी जब हुई थी, उस समय परिवार बाहर गया हुआ था।



### निगम ने शुरू की कुर्की की कार्यवाही

## प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाह हितग्राहियों पर निगम की सख्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) बी.एल.सी. घटक अंतर्गत किस्त जारी होने के बावजूद आवास निर्माण न करने वाले हितग्राहियों पर अब सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। गुरुवार 04 सितंबर 2025 को तहसीलदार महोदय के समक्ष ऐसे 28 हितग्राहियों की पेशी रखी गई।इस दौरान 3 हितग्राहियों ने राशि को वापस करते हुए अपनी गलती स्वीकार की। वहीं 13 हितग्राही उपस्थित हुए, जिन्हें राशि वापसी के लिए 7 दिवस का समय प्रदान किया गया। शेष 12 हितग्राही पेशी में अनुपस्थित रहे, जिनकी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा एकत्र कर कुर्की की कार्यवाही हेतु आदेश पारित किए गए।सूत्रों के अनुसार, अनुपस्थित हितग्राहियों के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही पहले से ही प्रचलन में है तथा आगामी दिवसों में भी तहसीलदार महोदय द्वारा यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।नगर निगम की ओर से पेशी की संपूर्ण कार्यवाही को पूर्ण कराने हेतु श्री लोकेश शर्मा एवं श्री पूनम मालवीय उपस्थित रहे। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ लेने के बाद नियमों का पालन न करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## विद्युत चोरी के मामले में हुई कार्रवाई, आरोपी को भेजा गया जेल

**छिन्दवाड़ा।** कार्यपालन अभियंता जुन्नारदेव ने बताया कि उनके संभाग अंतर्गत वितरण केन्द्र दमुआ के अंतर्गत वर्ष 2023 के दौरान विभागीय जांच में रवि पिता केदार श्रीवास्तव, निवासी दमुआ को विद्युत चोरी करते पाया गया। इस पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत प्रकरण क्रमांक CWA 20230415153035688 दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इस प्रकरण में विभाग द्वारा कुल आकलित राशि 18.699 रूपये (कंपाउंडिंग शुल्क 4,000 रूपये एवं मूल राशि पर ब्याज 7,970 रूपये सहित) निर्धारित की गई थी। उपभोक्ता द्वारा राशि जमा न करने पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय जुन्नारदेव द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल भेजने का आदेश पारित किया गया एवं जेल भेज दिया गया । इसके बाद आरोपी द्वारा निर्धारित राशि जमा करने के उपरांत उसे रिहा किया गया।

# बैठक में ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर हुए सख्त

### कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद/विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।



बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, जिला पंचायत की शाखाओं के परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत 202 आवास लंबित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने परासिया रोजगार सहायक एवं सब-इंजीनियर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए तथा संबंधित सब-इंजीनियर की संविदा समाप्त करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए। साथ ही जनपद सीईओ एवं एई परासिया के 2-2 इन्क्रीमेंट रोकने तथा तामिया के सब-इंजीनियर की संविदा समाप्त करने के संबंध में भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

आवास प्लस 2024-25 में कार्य अधूरा रहने पर बीसी परासिया की संविदा समाप्त करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में बीसी बिछुआ और मोहखेड़ पर भी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मोहखेड़ जनपद सीईओ एवं एई का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए गए, वहीं जामई के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सीसीएल एवं आरएफ की राशि के वितरण का रिकॉर्ड जांचने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सक्रिय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा महुआ कुकीज़, वॉशिंग पाउडर, शहद, चिरौंजी आदि उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों को बाज़ार उपलब्ध कराने एवं इनके व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया।

## आज शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान करेंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितम्बर को छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा जिले के समस्त शासकीय और प्राईवेट स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों का सम्मान सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा किया जायेगा। सांसद श्री साहू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा जिले के समस्त शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

शिक्षकों के लिए दिये गये अपने संदेश में सांसद श्री साहू ने कहा है कि सनातन काल से ही भारत वर्ष शिक्षा जगत में अग्रणी रहा है। हमारे ऋषि-मुनियों, आचार्यों, कुलगुरूओं और शिक्षकों ने इस पावन धरती को अपने अथक प्रयासों से सींचा और भारत को विश्व गुरु बनाया है। भारतवर्ष में आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति अनुशासन त्याग और समर्पण की शिक्षा देने के साथ शिक्षण कार्य को आपने पूर्ण लगन और श्रध्दा से किया है। अनेक विषम परिस्थितियों और अल्प संसाधनों के बाद भी अपने देश के भविष्य को बनाने में अपना संपूर्ण योगदान दिया है।

## एसडीएम कार्यालय को भी नहीं छोडा चोरों ने ले गए लोहे की जाली, एसी चोरी का प्रयास





**पांढुर्ना ।** कल देर रात्री अज्ञात चोरों ने एसडीएम कार्यालय परिसर के भीतर जाकर एसडीएम कक्ष में लगे एयर कंडीशन के बाहरी उपकरण को काटकर ले जाने का असफल प्रयास किया। इसी प्रकार एसडीएम कार्यालय के पिछले हिस्से में स्थित विशाल क्षमता वाले डक्ट कूलर को अपनी जगह से हिलाने का प्रयास किया। डक्ट कुलर के बाजू में चारदीवारी के कच्चे हिस्से को तोडकर चोरों ने उसमें लगी लोहे की जाली पर हाथ साफ कर दिया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों लोकसेवा भवन के करीब निर्माणाधीन एसडीएम कार्यालय में लगे एयर कंडीशन को भी चोरों ने काटकर ले जाने का प्रयास किया। शहर में चर्चा की जहां चोर उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय को निशाना बनाने में संकोच नहीं कर रहे तो उनके सामने आम जनता की क्या बिसात?

# आज गौरव दिवस पर दशहरा मैदान में प्रस्तुति देंगे बॉलीवुड गायक सवाई भट्ट

### सूफी अंदाज की गायिकी और राजस्थानी फोग सॉंग की गायिकी में है महारथ हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा आज "रन फॉर सिटी" मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्री विक्रम अहके ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर किया।मैराथन पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर होटल देव होते हुए पुनः पुलिस ग्राउंड में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, एनजीओ, महिला समूह, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर तथा फौज की तैयारी में जुटे युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक दौड़ लगाकर न केवल स्वच्छता का संदेश दिया बल्कि स्वस्थ एवं जागरूक नागरिक होने का परिचय भी



प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन पर महापौर श्री विक्रम अहके ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई और स्वच्छ एवं स्वस्थ छिंदवाड़ा के निर्माण का संकल्प दोहराया।कल 5 सितम्बर को गौरव दिवस के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रातः 8 बजे पानी टंकी पुरानी सब्जी मंडी से महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कार्यक्रम होगा। शाम 5 बजे दशहरा मैदान में छिंदवाड़ा शहर के स्थानीय व्यंजनों पर आधारित फूड फेस्टिवल का आयोजन होगा।सायं 7 बजे दशहरा मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों एवं नगर के शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल फेम गायक सवाई भट्ट होंगे, जो अपनी प्रस्तुति देंगे।





## दमुआ में चारों और मची गणोत्सव की धूम

**दमुआ।** श्री गणेश चतुर्थी दिनांक 26 अगस्त से प्रारम्भ गणेश उत्सव के कार्यक्रम शहर में धूम धाम से मनाया जा रहा है। जहां दमुआ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में भी भगवान गणेश जी की विधि विधान पूर्वक पूजन पाठ भजन कीर्तन आरती से विधिवत कार्यक्रम हो रहे है जगह जगह पण्डालो एवं घरो मे बप्पा जी विराजमान किये है और सुन्दर मनमोहक साज सज्जा के साथ पूजन पाठ किया जा रहा है साथ ही मंत्रमुग्ध भजन कीर्तन का क्रम अनवरत जारी है महौल पूरा भक्तिमय हो गया है। खास कर भक्त श्रद्धालुओं युवा मण्डल का जोश देखते ही बनता है । बस स्टाप दमुआ मे बस स्टाप के राजा गणेश उत्सव में हेप्पी सलूजा एवं इनकी मित्र मण्डली द्वारा आर्कषक सज्जा के साथ गणेश जी की अराधना की जा रही है सुबह शाम भव्य आरती हो रही है तथा नया बस स्टाप में भी नव युवक गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई और भक्ति भाव से अराधना पूजन आरती की जा रही है। इसी प्रकार एम.पी.आई ग्राउण्ड दमुआ में भगवान गणेश जी की आकर्षक प्रतिमा विराजमान कर विधिवत पूजनपाठ आरती का क्रम अनवरत जारी है।

## सांसद खेल महोत्सव के मध्यम से प्रतिभागी करे ओलम्पिक में प्रतिनिधित्व : सांसद

### सांसद ने ली सांसद खेल महोत्सव की पहली बैंठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से दोनों जिलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। जिससे जहां जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों एवं वार्ड स्तर तक के सभी खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में खेलने का अवसर मिलेगा वहीं चयनित खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर भी मिलेगा। दोनों जिलों के प्रतिभागी सांसद खेल महोत्सव में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर आगामी ओलंपिक और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में जिले का प्रतिनिधित्व करे। सांसद खेल महोत्सव प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह बात गुरुवार की शाम पूजा लॉन के हॉल में आयोजित सांसद खेल



महोत्सव की पहली बैठक लेते हुये सांसद बंटी विवेक साहू ने कही।

उल्लेखनिय है कि मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया गया था। 25 दिंसबर तक आयोजित होने वाले युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव में 20 सिंतबर तक खिलाड़ियों के लिए खेल मंत्रालय दिल्ली द्वारा बनाई गई बेवसाइट में दिए गए क्यूआर और बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन की व्यवस्था की गई है। इसके बाद 21 सिंतबर से सांसद खेल महोत्सव शुरू होगा, जो की 25 दिंसबर तक आयोजित किया जायेगा। इसमें 32 प्रमुख विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाना है। 25 दिंसबर को इसका समापन किया जायेगा।

**सांसद ने की पंजीयन करने की अपील:** सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों एवं वार्ड स्तर तक के सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में क्यूआर और बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन कराते हुए उक्त खेल महोत्सव का लाभ उठाए।

## डेंगू के लार्वा का सर्वे कर किया गया नष्ट

**छिन्दवाड़ा।** डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-06 पुलिस लाइन में एक दल द्वारा 40 घरों में लार्वा सर्वे किया गया व 4 कंटेनर में पाए लार्वा को लार्वानाशक दवाई डालकर/खाली कराकर नष्ट कराया गया। इसके साथ ही एक दल द्वारा अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य कैंप में डेंगू रोकथाम का प्रचार व 25 व्यक्तियों की मलेरिया जांच की गई। सभी की मलेरिया जांच नेगेटिव पाई गई। जिला मलेरिया अधिकारी व दल द्वारा ब्लॉक जुन्नारदेव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दमुआ, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का भ्रमण किया गया एवं ग्राम मुसनी में 25 छात्रों की मलेरिया जांच की गई, जिसमें सभी नेगेटिव पाए गए।

### कुलबहरा नदी एवं छोटा तालाब स्थल का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का महापौर ने लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम महापौर विक्रम सिंह अहके ने गुरुवार को श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों को लेकर शहर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। महापौर ने श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के मुख्य स्थल कुलबहरा नदी एवं छोटा तालाब का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। महापौर ने कहा कि श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में नगर निगम की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विसर्जन स्थल पर व्यापक सफाई सुनिश्चित की जाए और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं साथ ही उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो तथा बिजली आपूर्ति किसी भी स्थिति में प्रभावित न हो।

महापौर ने कर्मचारियों की ड्यूटी पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुधीर जैन, उपायुक्त वित्त कमलेश निरगुडकर, उपायुक्त आर.एस. बाथम, कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर, सहायक यंत्री विवेक चौहान, ब्रजेश पांडे, स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति
National Education Society for Tribal Students
(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)
भारत सरकार मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग
कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश, सहसचिव
मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी, भोपाल के अंतर्गत
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई
कक्षा-8वीं में
प्रवेश सूचना
आवेदन की प्रारंभ तिथि- 04.09.2025 वर्ष: 2025-26 आवेदन की अंतिम तिथि 10.09.2025
प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:-

| क्र. | परीक्षा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि | 04.09.2025 | प्रातः 08:00 बजे से |
| 2 | आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि | 10.09.2025 | दोपहर 1:00 बजे तक |
| 3 | परीक्षा की तिथि एवं समय | 12.09.2025 | प्रातः 12:00 से 1:00 बजे से तक |

परीक्षा केन्द्र :- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई, जिला- छिंदवाड़ा।

| कुल सीटें | | |
|---|---|---|
| बालक | बालिका | योग |
| 01 | 00 | 01 |

आवश्यक दिशा निर्देश -: [illegible]
नोट: योग्यता एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://www.emrsharrai.org.in का अवलोकन करें।
श्री परम राज, प्राचार्य ईएमआरएस हर्रई जिला- छिंदवाड़ा

## तामिया भाजपा मंडल की हुई कामकाजी बैठक संपन्न




**तामिया।** आज भारतीय जनता पार्टी मंडल तामिया की विशेष कामकाजी बैठक का आयोजन की जिसमें की जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी नत्थनशा कवरेती, ने संगठन की मजबूती एवं बूथ स्तर के कार्यों पर विशेष तौर पर तथा सरकार की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लिया गया इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी मंडल तामिया के वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र राय सुंदरलाल साहू दुर्गेश सलामे में मदन साहू गोपाल साहू यशवंत गौरव विजय शिवहरे व मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपची ,महामंत्री विनय साहू सुमंतरा ठाकुर उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया अरविंद , रियाज खान,मुनेश यदुवंशी मंत्री उमाशंकर परतेती रोशन पंद्रे रानी ,कमली,तुलसा परतेती महासिंह मर्सकोले,नरेश मरकाम महेश उइके,लाभार्थी प्रमुख यह ऋषभ सूर्यवंशी मीडिया प्रभारी नरेंद्र यादव ,धर्मेंद्र बसनिक , आदि कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

## पांडूपिपरिया के बाद पंचों ने 50 रूपए के स्टॉम्प पर तामिया पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतो का संचालन सचिव भोले वाले सरपंचों के भोलेपन का भरपूर लाभ उठाकर निर्माण कार्यो में उप यंत्री, सहायक यंत्री, एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, के संरक्षण के चलते साशकीय धन की जमकर लूट मचाये हुए हैं। लेकिन अब ग्राम पंचायत के पंच सचिवो की भ्रष्ट नीति समझ गए हैं और वह सीधे जिला प्रशासन से शिकायत संगठित होकर करने लगे हैं। पिछले दो दिन पूर्व जैतपुर सेक्टर की ग्राम पंचायत पांडू पिपरिया के पंचों ने प्रभारी सचिव के द्वारा किए गए निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच के लिए जिला पंचायत अधिकारी को लिखित आवेदन जांच हेतु दिया उसी तर्ज पर आज ग्राम पंचायत तामिया के पंचो ने भी



सांसद कलेक्टर को सामूहिक हस्ताक्षर कर 50 के स्टांप पर लिखित शिकायत प्रभारी सचिव भुवन लाल देशमुख के कार्यकाल में कराये निर्माण कार्यों की जांच कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत की है। उन्होंने अपने शिकायती पत्र में 10 बिंदु की जांच कराने हेतु शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि प्रभारी सचिव ने मनरेगा, एवं पांचवे राज्य वित्त आयोग,मूलभूत,ब्याज, एवं अन्य मदो से हुए निर्माण कार्यो मैं गंभीर आरोप लगाये है कि प्रभारी सचिव ने पंचायत में पंचों की अहमियत समाप्त करते हुए मनमर्जी से वगैर पंचायत की मीटिंग बुलाए निर्माण कार्यों के प्रस्ताव फर्जी तरीके से जनपद में भेज कर निर्माण कार्य की अनुमति लेकर इन्हीं कार्यों में जमकर फर्जी बड़ा किया है। आरोप में यह भी है कि अपने चहेते सप्लायरों के नाम भुगतान निकालकर भ्रष्टाचार की राशि सुरक्षित तरीके से हडपी गई है। आरोप में यह भी लिखा गया कि महिला भोली भाली सरपंच का पति इस सारे फर्जी बाडे एवं भ्रष्टाचार में प्रमुख भूमिका में रहा है और भुगतान की ओटीपी एवं डीएससी का संचालन सचिव के साथ मिलकर करने के आरोप भी पंचों ने अपनी शिकायत में लगाये है। अब देखना यह है की मुख्य कार्यपालन के चहेते सचिव पर पंचों के द्वारा जो आरोप लगाए हैं। यदि जांच होती है तो निश्चित मुख्यालय ग्राम पंचायत में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होगा क्योंकि पंचों ने शिकायत की है तो उनके पास साक्ष्य भी होंगे। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। अब देखना यह है कि पचास रुपये के स्टांप पर हुई शिकायत पर कितनी करवाई होती है। इसका पता तो जांच में निर्माण कार्यो के भौतिक सत्यापन से पता चलेगा कि भ्रष्टाचार का पैमाना प्रभारी सचिव द्वारा कितना ऊंचा रखा गया है।

## फुटबॉल एशियन चैंपियनशिप बैंकॉक में खेले वशीम सिद्दीकी



**परासिया :** पेंच एरिया परासिया महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत वसीम सिद्दीकी ने थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित वेटरन फुटबॉल प्रतियोगिता में खेल कर पेंच कोयला क्षेत्र का नाम रोशन किया है । उन्होंने बैंकॉक में हुए लीग मैच में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया । वशीम राष्ट्रीय स्तर के रेफरी भी है।

## सौंसर के बच्चों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

फिर एक बार सौसर के बच्चों का कराटे प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तर पर चयन हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार हाल बालाघाट मे संभाग स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगीता का आयोजन सम्पन्न हुआ है।जिसमे सौसर नगर के 5 कराते खिलाड़ियों ने छिंदवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगीता के लिये अपनी जगह बनाई हैचयनित खिलाडी अब जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेगे, संजय मार्शल आर्ट स्कूल के संचालक संजय भुजाडे ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों मे बालिका दृष्टि सुभाष आमने रेमंड स्कूल, सानिध्य सचिन हनवते सुभाष मोंटेसरी स्कूल सौसर,प्रियांश विकास शर्मा रेमंड स्कूल,अथर्व नामदेव वडस्कर सुभाष मोंटेसरी स्कूल सौसर,मिताली प्रवीन भारसाखरे उत्कृष्ट विद्यालय सौसर 15 से 19 सेप्टेंबर तक इंदौर मे सबजूनियर, एवम 22 से 26 सेप्टेंबर को ग्वालियर मे जूनियर एवम सीनियर प्रतियोगीता का आयोजन में दृष्टि आमने, सानिध्य हनवते, प्रियांश शर्मा इंदौर मे प्रतिभागीता करेगे, मिताली भारसाखरे, अथर्व वडस्कर ग्वालियर मे प्रतिभागीता करेगेसभी चयनित खिलाड़ियों को जिला पांढुरना कराते संघ अध्यक्ष पंकज लोनारे उपाध्यक्ष आशु वाडेकर, एवम संजय मार्शल आर्ट अकादमी अध्यक्ष विनोद जुनघरे ने स्वागत किया है।

## 18 साल से काम, वेतन 5000

### पंचायतों के 250 अस्थायी कर्मी तीन दिनों से हडताल पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्णा पंचायतों में 15-20 साल से काम कर रहे चौकीदार, पंप ऑपरेटर, सफाई कर्मी तथा भृत्य और कुछ अन्य अस्थायी कर्मियों को आज भी 5000 रू. वेतन मिल रहा है। यह लोगां का शोषण नहीं हो रहा बल्कि खून चूसा जा रहा है। पांढुर्ना की 72 पंचायतों में ऐसे लगभग 250 अस्थायी कर्मी कार्यरत है जिन्हें 2000 रू, 3000 रू और 4000 रू वेतन मिल रहा है। इन कर्मचारियों के संगठन आउटसोर्स, अस्थायी, अंशकालीन ग्रामपंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा म.प्र. ने इस अन्याय के विरूद्ध आगामी 7 से 9 सितंबर तक हडताल पर जाने की घोषणा की है। अपनी मांगों को लेकर आज संगठन ने स्थानीय जनपद पंचायत में ज्ञापन प्रेषित किया। संगठन के पांढुर्ना जिला इकाई अध्यक्ष कृष्णा मांजरेवार ने कहा कि हमारी प्रदेशस्तरीय हडताल है। इन्होंने कहा कि हम म.प्र. शासन की ओर से अकुशल कामगारों के लिए घोषित न्यूनतम वेतन 12,500 रू. की मांग करते है।

इन्होंने बताया कि उपरोक्त अस्थायी कर्मियों की भर्ती म.प्र. शासन के निर्देशानुसार ग्रामसभाओं के अनुमोदन की बाद की गई है। बडी शोचनीय स्थिति है कि सालों साल से यह अस्थायी कर्मी इतने कम वेतन में अपने परिवार का पालन पोषण कैसे कर रहे है ? ज्ञापन देनेवालों में जिला अध्यक्ष कृष्णा मांजरेवार, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश देशमुख, ब्लॉक सचिव, अर्जुन हिंगवे, राजेश ढोके, दामोदर पराडकर, विजय जागते, पप्पु झरबडे, जितेंद्र मोटघरे, राजकुमार, सुभाष बागडे, शिवराम और अन्य मौजूद रहे।



## एसडीएम ने किया सांदीपनी स्कूल का निरीक्षण

**पांढुर्ना।** आज एसडीएम अलका एक्का ने सांदीपनी विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महोदया ने शाला की प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, छात्र छात्राओं के लिए बनाए गए टॉयलेट की की स्वच्छता देखी। इसके साथ ही स्टाफ रूम, कुछ विद्यार्थियों की क्लास में जाकर एसडीएम महोदया ने व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद एसडीएम अलका एक्का ने शाला में छात्र छात्राओं के प्रवेश, कक्षाओं की संख्या, सेक्शन, विषयवार शिक्षक तथा अनेक छोटी मोटी जानकारी प्राचार्य सी. बरेठ से ली। शाला से संबंधित जरूरी दस्तावेजों का निरीक्षण भी एसडीएम ने किया।

## सिविल लाइन के रहवासी क्षेत्र में उग आया झाड़ियों का जंगल

### जहरीले जीवों ने बनाया आशियाना, डर के साए में रह रहे रहवासी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** एक ओर तो केंद्र और राज्य सरकारें सफाई को लेकर स्वच्छता अभियान चलाकर महानगरों, शहरों और कस्बों को साफ सुथरा बनाने के लिए बीते 11 वर्षों से जतन कर रही हैं। इसके लिए केंद्र सरकार हर वर्ष स्थानीय निकायों को भारी भरकम राशि देने के साथ स्वच्छता में पहले तीन स्थानों पर रहने शहरों को पुरस्कृत करने के साथ ही स्वच्छता के मानक पर खरे उतरने वाले अन्य शहरों को भी प्रोत्साहित करती है।

जिले की वारासिवनी नगरपालिका को भी हर वर्ष साफ सफाई की व्यवस्था के लिए सरकार से भारी भरकम राशि आती हैं, ताकि शहर को भी स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल लाया जा सकें। लेकिन जिम्मेदारों की कार्य के प्रति अरुचि बोलें या नागरिकों की सफाई व्यवस्था के प्रति उदासीनता, जिसका परिणाम है कि आज भी शहर में जगह जगह कचरों के ढेर आसानी से देखे जा सकते है।

ऐसा ही हाल शहर की सबसे पाश कालोनी सिविल लाइन क्षेत्र का हैं, जहाँ प्रदेश में सत्ताधारी दल के पार्षद होने के बावजूद भी ये क्षेत्र सफाई व्यवस्था के लिए तरसता नजर आता है। इस इलाके में जगह-जगह गंदगी के साथ बड़ी बड़ी झाडियॉ उग आने से इन झाडियों के तने जहॉ सडक तक आ गए हैं, वहीं इनकी वजह से आए दिन इस इलाके में जहरीले जीव, जंतु निकलने से यहाँ के रहवासी दहशत में जीने को मजबूर है।

## मंगलवार को भीड़ का फायदा उठाकर सब्जी बाजार में लगातार हो रही मोबाइल चोरी की घटनाऍ

## वारासिवनी सब्जी मार्केट में सक्रिय हुए मोबाइल चोर

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

यदि आप मंगलवार को बाजार के दिन वारासिवनी बाजार में सब्जी खरीदने जा रहे हो, तो सावधान हो जाए। क्योंकि यहां आपके मोबाइल पर चोरों की नजर बनी हुई हैं। आये दिन सब्जी बाजार में हो रही मोबाइल चोरी से परेशान नागरिकों ने अब मोबाइल लेकर सब्जी खरीदने जाना छोड़ दिया हैं।

कुछ ऐसा ही मामला फिर एक बार वारासिवनी सब्जी बाजार से सामने आया हैं। मंगलवार की शाम मार्केट में सब्जी लेने गई वारासिवनी सिविल हॉस्पिटल में पदस्थ एएनएम जसवंता पटले को महंगा पड़ गया। अपनी ड्यूटी समाप्ति के बाद सब्जी खरीदते समय एक अज्ञात व्यक्ति ने बड़े ही चालाकी से उक्त महिला के जेब से मोबाइल चोरी कर वहाँ से रफूचक्कर हो गया। यह घटना सब्जी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### लगातार हो रही चोरी की घटनाऍ वारासिवनी पुलिस बेखबर

स्थानीय सब्जी व्यापारियों का कहना है कि वारासिवनी मंगलवार को साप्ताहिक बाजार भरता हैं, जहाँ बालाघाट जिले के सैकड़ो छोटे-बड़े व्यापारी सामान खरीदने आते हैं, मगर हर मंगलवार को सब्जी बाजार में चोरी की घटनाऍ बढ़ती जा रही हैं। पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही हैं, जिससे चोर भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दे रहें हैं। चोरी की शिकायत करने के बाद भी पुलिस सिर्फ आश्वासन देती है, मगर अभी तक किसी गिरोह का पर्दाफाश नहीं हो सका हैं, जिससे चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है।



### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ मोबाइल चोर

चोरी की यह घटना सब्जी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सब्जी ले रही महिला के आजू बाजू आरोपी बड़े ही चालाकी से घूमता है और जैसे ही महिला आलू लेने नीचे झुकती हैं, आरोपी महिला के जेब से मोबाइल निकालकर वहाँ से रफूचक्कर हो जाता है।

## चोरपिंडकेपार में कृषक पाठ शाला का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** सोमवार को विकासखंड खैरलाजी के ग्राम चोरपिंडकेपर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं पोषण मिशन दलहन योजनान्तर्गत कृषक खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारी श्री संघर्ष लांझेवार द्वारा प्राकृतिक खेती के महत्त्व एवं बीजाम्रत बनाने , स्वयं के बीज तैयार करने विधि बताई।प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री आर पी मर्सकोले द्वारा धान की फसल की अच्छी व.अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए उर्वरक का उचित मात्रा में उपयोग करने एंव विभागीय संचालित योजनाओं को विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विकास अधिकारी पूजा राहंगडाले कृषि के द्वारा उर्वरकों के स्थान पर हरी खाद का उपयोग तथा मिलेट्स उगाकर दैनिक खाने में उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।इस दौरान भानुप्रिया चौहान कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा मिट्टी नमूना परीक्षण की विधि विस्तार से बताई गई तथा भूमी की उर्वरक शक्ति को विकसित व बढाने के लिए मिट्टी परीक्षण कृषको बताया.गया । इस अवसर पर ग्राम कृषक राजेश उइके एवं ज्ञानेश गौतम द्वारा अपने खेत में किस तरह प्राकृतिक खेती एवं मिश्रित खेती की जा रही है ,जिसके अनुभव को साझा किया गया ताकि अन्य कृषक भी प्राकृतिक की खेती की अग्रसर हो।

## मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति गुजरी चौक में भव्य दुर्गा पूजा आयोजन

## नवरात्रि की तैयारियां शुरूः पर्वतवासिनी मां भगवती की तर्ज पर सजेगा मातारानी का भव्य पंडाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नवरात्रि का पर्व शारदीय नवरात्रि 22 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है, जो 30 अक्टूबर तक चलेगा। यह पर्व मां दुर्गा की आराधना का महापर्व है, जिसमें भक्त मां की कृपा प्राप्त करने के लिए व्रत, पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। इस दौरान चारों ओर मातारानी की जय-जयकार होती है और भक्तिमय वातावरण में लोग सरोबार रहते हैं। इसी तरह दशकों से चली आ रही धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी कुछ अलग करते हुए गुजरी चौक स्थित मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति में इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मनीष 'लालू अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा पर्वतवासिनी मां भगवती जो झूले पर विराजमान हैं का स्वरूप है, माता की प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा इसी थीम पर मातारानी का पंडाल भी सजाया जाएगा।

**छत्तीसगढ़ से आ रही मातारानी की भव्य प्रतिमाः** मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति गुजरी चौक समिति के अध्यक्ष मनीष 'लालू अग्रवाल ने बताया इस वर्ष की विशेषता यह होगी कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग थनोत से मातारानी की भव्य प्रतिमा आ रही है। जो बहुत ही आकर्षक और भव्य होगी। तथा नवरात्र के 9 दिनों में समिति द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



इनमें मां भगवती की स्थापना, भव्य पंडाल, प्रतिदिन 9 दिवस तक महाप्रसाद का वितरण, विशेष आकर्षक पूजा, तथा मध्यप्रदेश के कटनी जिले से माता की सेवा में ब्राम्हणो को आमंत्रित किया गया है। वहीं अष्टमी पूजन के साथ हवन कार्यक्रम के बाद मातारानी की प्रतिमा का भव्य विसर्जन किया जाएगा जिसमें आकर्षक एवं दार्शनिक झांकियां शामिल की जाएगी।

**भक्तिमय साज-सज्जा और धार्मिक आयोजनः** मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति गुजरी चौक समिति द्वारा आयोजित इस दुर्गा पूजा उत्सव में भक्तिमय साज-सज्जा और धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। समिति अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का होगा, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होगा।

## छोटे को प्यार व बडो को सम्मान देते हुये धम्म कार्य गतिमान करें-डॉ.चरनदास ढेंगरे

## संयुक्त समीक्षा बैठक में लक्ष्य निर्धारण एवं धम्म कार्य बढाने के दिये टिप्स

### अच्छा कार्य करने वाले पदाधिकारी यो का किया जायेगा सम्मान -बी.एच. गायकवाड

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मप्र में धम्म संस्था के माध्यम से निरंतर बौद्ध धम्म का कारवां गतिमान किये जाने का कार्य जारी रखते हुये भारतीय बौद्धो की धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया मप्र राज्य शाखा उत्तर-दक्षिण के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल मुख्यालय में संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव एवं मप्र दक्षिण व उत्तर के पालक मंत्री, डॉ.एडवोकेट एस.एस.वानखेडे, राष्टीय सचिव,केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग प्रमुख मुंबई,अध्यक्षता डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मप्र दक्षिण(बालाघाट) द्वारा की गई थी,वही स्वागत अध्यक्ष आर.सी.दिवाकर अध्यक्ष मप्र उत्तर थे,प्रमुख अतिथियों में गौतम पाटिल सर राष्टीय संघठक भोपाल, डॉ उत्तम प्रधान प्रदेश महामंत्री एवं डॉ.शांताराम वाघ सर प्रदेश उपाध्यक्ष इंदौर, बी.सी. सहारे प्रदेश कोषाध्यक्ष भोपाल, उत्तर म.प्र. से सत्येन्द्र बौद्ध महामंत्री ग्वालियर, लखन कुमार दैलवार अशोक नगर, रमेश खिल्लारे सीनियर D.O.SSD बुलढाणा महाराष्ट आदि थे। इस में आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था प्रदेश मप्र. भोपाल निवासी मनोज निकोसे, अनिल अवधरे एवं जिलाध्यक्ष दिलीप बनकर व गुड्डा सिरिसाठ एवं उनकी टीम द्वारा की गई थी। सामूहिक पुजा वंदना तथा अतिथियो के स्वागत के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई व उपस्थित जिला शाखाओं के कार्यो की समीक्षा की गई। सभी जिला शाखाओं ने दिए गए निर्देशानुसार अपने जिले की प्रगति रिपोर्ट जमा की। बैठक के मुख्य अतिथि गायकवाड गुरूजी ने बताया कि संस्था के माध्यम से अच्छा कार्य करने वाले पदाधिकारियों का क्रमशः1, 2,3 क्रम से सम्मान किया जायेगा। सभी से निष्ठापूर्वक धम्म कार्य किये जाने का आव्हान किया,वही डॉ एस एस वानखेडे जी ने सबको महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए बताया कि बाबा साहब का संकल्प लोगों तक पहुंचाना बहुत महान कार्य है,वही कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे ने कहा कि छोटो को प्यार व बडो को सम्मान देते हुये धम्म कार्य गतिमान करे, शाखा के मुखिया ने सभी से निरंतर कम्युनिकेशन करते रहना चाहिए। आगे मप्र.के पालक मंत्री गायकवाड जी ने दोनो राज्यो के अध्यक्ष से चर्चा कर वर्ष 2025-26 का लक्ष्य निर्धारण किया। जिसमें सदस्यता 50 हजार शिविर कार्यकर्ता 20, अंद्धश्रद्धा 20,व्यक्तित्व विकास 20, सैनिक समता दल का सैनिक 20,युवती धम्म 25, आजीवन सदस्य 100, वर्षावास प्रवचन मालिका 10, राष्टीय पर्यटन 5, स्टेट पर्यटन मप्र/महाराष्ट 5, अंतर्राष्टीय पर्यटन 2, दिया गया। उसी प्रकार महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन की लडाई केन्द्रीय शाखा के निर्देशानुसार रोड पर एवं न्यायालय से लढनी होगी। इस आयोजन में मप्र दोनों राज्यों के एवं जिला शाखाओं के पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थे भोपाल सहित बालाघाट के जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, हेमलता डोंगरे प्रदेश उपा. राजकपुर कामडे, खुशीयाल मेश्राम, प्रमीला चौहान जिला कोषाध्यक्ष, साधना ढेंगरे D.D.समता सैनिक दल, आनंद वैध आदि शामिल रहे।



## नवोदय के नीट व जेईई में चयनित विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**वारासिवनी।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में विगत शैक्षणिक वर्ष के 10 विद्यार्थियों ने नीट व जेईई परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर नामी मेडिकल कॉलेजों व आईआईटी में प्रवेश पाया। इन सभी चयनित विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय में स्टाफ द्वारा सम्मान किया गया। चयनित विद्यार्थियों में मयंक धरने, प्रियांशु मशराम गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, टकचक खंडेलकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर, मुस्कान डोंगरे शहडोल मेडिकल कॉलेज, अभिषेक धोके गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, ओम चौधरी आईआईटी रूडकी, शशांक मेश्राम आईआईटी रुडकी, आर्यन बिसेन आईआईटी, कुलदीप तुरकर आईआईटी कानपुर व हतिका मंसुरे राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल शामिल हैं।

**खबर संक्षेप**

## परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के मंत्री परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग श्री उदय प्रताप सिंह शनिवार 06 सितम्बर 2025 को दोपहर 03 बजे लखनादौन पहुंचेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह माँ अन्नपूर्णाधाम श्री नारायणानन्देश्वर महादेव बम्होडी में आयोजित श्री काशीधर्मपीठो विजयतेतराम गुरूपूर्णिमा महोत्सव में सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री सिंह शाम 04 बजे लखनादौन से सतना के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिले में 1126.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 04 सितम्बर 25 तक 1126.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

# 720 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी धराया

पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के व्दारा नशे के विरुध्द अभियान व कार्यवाही हेतु जारी दिशा निर्देशों के पालन में व अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एंव अनु. अधि. बरघाट ललित गठरे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. मोहनीश सिंह बैस के नेतृत्व में बरघाट पुलिस ने नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए 720 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

बरघाट पुलिस को दिनांक 02/09/2025 को मुखबिर की सूचना पर कि साल्हे कोसमी तिराह्य मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा रखा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बरघाट निरी. मोहनीश सिंह बैस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी को स्टाफ की सहायता से घेराबंरी कर पकड़ा। जिससे स्टाफ द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम बलराम पटले पिता दुर्जनलाल पटले उम 52 साल नि. ग्राम मेहरा पिपरिया थाना कान्हीवाडा जिला सिवनी का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक की पन्नी में मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 720 ग्राम व एक बजाज कंपनी की डिस्कवर मॉडल मो.सा. क्रमांक एमपी 04 केएम 7930 कीमती लगभग 40,000 रुपये जप्त किया गया। आरोपी द्वारा उक्त गांजा देवीसिंह काकोडिया पिता भागचंद काकोडिया उम 35 वर्ष नि. ग्राम विजयपानी थाना कान्हीवाड़ा जिला सिवनी से खरीदना बताया। आरोपी द्वारा अवैध मादक पदार्थ रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज लायसेंस न होने पर दोनो आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 484/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# बैठकी बाजार क्षेत्र में लगा गंदगी का अंबार

## वसूली भरपूर लेकिन सुविधा कुछ नहीं

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया। जिले के लखनादौन विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम गणेशगंज में प्रति मंगलवार को लगने वाली साप्ताहिक बैठकी बाजार में गंदगी कीचड़ दलदल से व्यापारी एवं आमजनों को भारी परेशान का सामना करना पड़ रहा है।**



बीते दिवस जहां बैठकी बाजार में व्यापारियों ने कीचड़ के बीच अपनी दुकाने लगाई, वहीं दलदल में तब्दील क्षेत्र में ग्राहकों ने मजबूरी बस पहुंचकर खरीददारी की।

ज्ञात हो गणेशगंज में प्रत्येक मंगलवार को बैठकी बाजार लगती है जिसमें जिले के अलग अलग क्षेत्रों से व्यापारी बाजार अपनी - संबंधित दुकानें लेकर पहुंचते हैं, वहीं गणेशगंज के आसपास लगे 30 से 35 गांवों के लोग यहां खरीदी करने बाजार पहुंचते हैं। बाजार के हालात इतने खराब है कि जहां देखो वहीं कीचड़ गंदगी युक्त दलदल नजर आ रहा है। अब लोग यहां अपना सामान से भरा थैला संभाले या कीचड़ से अपने कपड़े बचाये ये समस्या बनी हुई है, तो वहीं व्यापारी कीचड़ के रास्ते ग्राहकों का इंतेजार करते नजर आये।

वहीं आयुर्वेदिक अस्पताल आदिम जाति सेवा सहकारी समिति की संस्था भी हैं बाजार की व्यापारी द्वारा खराब सब्जी डालकर चले जाते हैं पंचायत द्वारा साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की जाती। ग्राम पंचायत चाहे तो बाजार की समस्या समाधान कर सकती हैं और उनका पूरा पावर है बाजार की नीलामी की जो राशि आई है उससे कार्य कर सकती है।



# तारण-तरण जैन समाज के अध्यक्ष बने सुजीत जैन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज सिवनी की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्व समाज की उपस्थिति में सर्व सम्मति से हो गया है, जिसके अध्यक्ष श्री सुजीत जैन बनाये गये हैं. बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संरक्षक पद के लिये पं. सतीश जैन, पं. संतोष जैन, श्री सुभाष जैन, श्री महेश जैन, सेठ श्री अशोक जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसी तरह अध्यक्ष श्री सुजीत जैन एवं उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र जैन अमरवाड़ा वाले बनाये गये हैं. इसके अलावा सचिव श्री पीयूष जैन, कोषाध्यक्ष श्री शैलेश जैन को सर्वसम्मति से जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

# शिक्षक,कर्मचारी, अधिकारी शिक्षक दिवस पर देशव्यापी सामूहिक'उपवास रखकर पुरानी पेंशन की मांग करेंगे- परमानंद

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

दिनांक -5 सितम्बर 2025 (शुक्रवार) सुबह 11से 5 बजे तक, डां भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के बाजू अम्बेडकर चौंक सिवनी में शिक्षक दिवस के अवसर पर देशव्यापी सामूहिक 'उपवास के क्रम रखी गई है, तथा नेशनल पेंशन स्कीम से सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान भी किया जायेगा। ज्ञातव्य होवे कि डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं शिक्षाविद् के जन्म दिवस शिक्षकों का सम्मान के रूप में देश में मनाया जाता है। नेशनल पेंशन स्कीम सेवा निवृत्त शिक्षक,कर्मचारी,अधिकारी को 2000 से 3000 नाम मात्र की पेंशन मिल रहीं जिसके कारण आर्थिक सामाजिक जीवन सम्मान पूर्वक जीना मुश्किल हो गया है।

इसलिए समाज के समक्ष शिक्षक सम्मान दिवस पर देशव्यापी सामूहिक उपवास रखकर समाज एवं राज्य व भारत सरकार को अपनी पीड़ा से अवगत कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय राष्ट्रीय उपवास रखा गया है। भारत सरकार ने 1 जनवरी 2025 से यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू कर दी है जो नेशनल पेंशन स्कीम से भी अधिक खराब है जिसका निरंतर विरोध नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन कर रहा है। देश में न्याय पालिका एवं विधायिका को पुरानी पेंशन स्कीम से आच्छादित है और कार्यपालिका को वंचित रखा गया है।

देश के शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी का कहना है,कि जब पूर्व उपराष्ट्रपति श्रीमान जगदीप धनकड़ की तीन-तीन पेंशन के जरिए हर माह सेवानिवृत्ति पर करीब 2.84 लाख प्रति माह मिलेंगे और सांसदों एवं विधायकों को भी मिलते है, तो कर्मचारियों को क्यों वंचित कर रहें हैं? मध्यप्रदेश के सभी विभागों के शिक्षक, कर्मचारी,अधिकारी ने राज्य सरकार से अपनी प्रमुख मांग नेशनल पेंशन स्कीम धारी सभी विभागों अधिकारियों- कर्मचारियों एवं शिक्षकों की पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करें तथा निजीकरण व्यवस्था समाप्त करों। राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की कर ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदी के साथ वरिष्ठता लागू करें। नेशनल पेंशन स्कीम धारी मृतक शासकीय सेवक के आश्रित परिवार को केन्द्रीय कर्मचारियों के समान राज्य के कर्मचारियों को परिवार पेंशन स्कीम तत्काल लागू करें, युनिफाईड पेंशन स्कीम नहीं, नेशनल पेंशन स्कीम नहीं मध्यप्रदेश सरकार ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करें, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गठित यूनिफाइड पेंशन स्कीम गठित समिति का विरोध करते हैं। शिक्षक के लिए अपमान जनक व्यवस्था ई-अटेंडेंस व्यवस्था तत्काल समाप्त करें उपरोक्त पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय आन्दोलन रखा गया है। जिसमें सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी एवं संगठनो के पदाधिकारी एवं सदस्य सम्मिलित होंगे। देशव्यापी सामूहिक उपवास कार्यक्रम एवं नेशनल पेंशन स्कीम से सेवानिवृत्त शिक्षक के सम्मान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ज़िले आठों ब्लॉक से शिक्षक कर्मचारी अधिकारी के अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील मुकेश बघेल,ब्रजमोहन सनोडिया,कमलेश परिहार, गजेन्द्र बघेल,रामकृष्ण दुबे,संतोष सूर्यवंशी, सुधीर धुर्वे, संतोष बिसेन,राजकुमार डेहरिया,अनिल साहू, राजकुमार बघेल चित्तोठ सिंह कुशराम, आरती पांडे, अनीता राय, मुकेश नेमा,आशीष बघेल ने की हैं।

# आज ईद मिलादुन्नबी पर्व अजीमो शान ढंग से मनाया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पूरी दुनिया को इंसानियत,अमन शांति और भाईचारा का पैगाम देने वाले हजरत मोहम्मद साहब की पैदाईश के मौके पर मनाया जाने वाला पर्व ईद मिलादुन्नबी पूरे हर्षोल्लास के साथ अजीमोशान ढंग से आगामी 05 सितंबर को मनाया जायेगा। विदित हो की इस वर्ष 1500 वा ईद मिलादुन्नबी पर्व पर मनाया जाने वाला है,सीरातुन्नबी कमेटी के सदर मो. असलम खान की प्रेस विज्ञप्ति में कमेटी के प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि विगत रविवार की रात्रि बुधवारी बाजार स्थित ईदगाह मस्जिद में समाज के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई थी उक्त बैठक में नगर के अनेकों बड़े बुजुर्ग और नौजवान शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी का पर्व पूरी शानों शौकत के साथ मनाया जायेगा। मो. असलम खान ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने तयशुदा मार्गो से रैली व जुलूस निकाला जायेगा। शुक्रवार को प्रातः 8.30 से एक भव्य पैदल जुलूस निकाला जाएगा। इसका आगाज ईदगाह मस्जिद बुधवारी बाजार से होगा। जुलूस अपने तयशुदा मार्गो से भ्रमण करने के पश्चात समापन हेतु उर्दू स्कूल ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड पहुंचेगा। जुलूस का समापन उर्दू स्कूल ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड में होगा,जुलूस के समापन के पश्चात दुआ होगी तत्पश्चात जुलूस में शामिल लोगों को लंगर खिलाया जायेगा। सिरातुन्नबी कमेटी के सदर मो.असलम खान एवं कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से पंहुचने की अपील कर सभी कार्यक्रमों को कामयाब बनाने की गुजारिश की है।

# नगर में विराजित सर्वश्रेष्ठ प्रतिमाओं को सम्मानित करेगी जिला युवा संधि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जब देश में ब्रिटेश साम्राज्य के कड़े नियमों के कारण भारतीय एक स्थान पर इकठ्ठा नहीं हो पा रहे थे, जिसके चलते भारतीय के भीतर स्वराज की भावना को जागृत कर पाना मुश्किल हो रहा था और स्वतंत्रता की अलख जगाने के स्वर्णिम उद्देय को लेकर भारतीयों को एक स्थान में इकठ्ठा करने के लिए लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव का आधुनिक सार्वजनिक रूप की सन1893 में महाराष्ट्र से शुरू किया था। तबसे श्री गणेशोत्सव निरंतर जारी है और आज पूरे देश में श्री गणेशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वर्तमान में श्रीगणेशोत्सव का 10 दिवसीय उत्सव चल रहा है जिसको लेकर पूरे जिले में धूम मची हुई है। सिवनी शहर में अलग-अलग श्री गणेशोत्सव पंडल में मनोरम प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

जिला युवा संधि के द्वारा श्री गणेशोत्सव पंडला में विराजमान प्रतिमाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार स्वरूप शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। जिला युवा संधि के जिला अध्यक्ष दिलीप नेमा के द्वारा बताया गया कि पूर्व वर्षो की तुलना में इस वर्ष सिवनी नगर में श्रीगणेशोत्सव ज्यादा उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग मोहल्ले-गली में समितियों के द्वारा भगवान श्री गणेश की सुंदर-सुंदर प्रतिमाएं स्थापित की गई है। जिसमें कहीं पर पंडालों को काशी-वनारस तो कहीं पर अयोध्या की थीम पर तैयार किया गया है। कहीं पर सेना के पराक्रम को दिखाया जा रहा है, कहीं साधू-संतो की शिक्षा को सरोकर किया गया है।

शास्त्रागत एवं श्री गणेशोत्सव की शुरूवात करने वाले लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की भारतीयों को एकता के सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से प्रारंभ किये गये गणेशोत्सव के स्वर्णिम उद्देय को पूरा करने वाली मनोरम प्रतिमाओं को सम्मानित करने का काम जिला युवा संधि इस वर्ष करने जा रही है। जिसमें जिला युवा संधि के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन करके सबसे सुंदर एवं शिक्षाविद् प्रतिमा स्थापित करने वाले श्री गणेशोत्सव समिति को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली समिति को मंच से शील्ड देकर सम्मानित किया जायेगा। जिसकी प्रक्रिया जिला युवा संधि के द्वारा नगर के पंडालों में पहुंचकर प्रारंभ कर दी गई है यह प्रक्रिया आगामी अनंत चर्तुदशी 06 सितंबर तक जारी रहेंगी इसके पश्चात 10 सितंबर को काली चौक काली मंदिर प्रागण में कार्यक्रम आयोजित करके समितियों को सम्मानित किया जायेगा।

# राष्ट्रीय वन्यजीव दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय पी. जी. कॉलेज सिवनी में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के निर्देशन इको क्लब एवं प्राणिशास्त्र विभाग के अंतर्गत ₹ राष्ट्रीय वन्यजीव दिवस पर ₹ कार्यशाला का आयोजन किया गया मुख्यवक्ता डॉ. राधेश्याम दहेरिया विभाग अध्यक्ष प्राणिशास्त्र विभाग ने राष्ट्रीय वन्यजीव दिवस पर छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया उन्होंने बताया जंगल प्रकृति का एक खूबसूरत चेहरा है जहां हरे भरे पेड़ जीव-जंतु जड़ी बूटियां अलग-अलग प्रजातियों के खूबसूरत पक्षियों का आशियाना शेर मगरमच्छ और हाथी जैसे सैकड़ों वन्यजीव मौजूद हैं। खाल नाखून सींग और मांस के लिए इन जीवों का शिकार किया जाता है। जिनका उपयोग फैशन सौन्दर्य उत्पादन और कई विशिष्ट प्रकार की दवाओं के लिए किया जाता है। मनुष्य इन जानवरों का शिकार केवल अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए करते हैं जो अनावश्यक हैं। हालांकि इनकी आपूर्ती अन्य विकल्पों से भी पूरी की जा सकती है। इसलिए वन्यजीव प्रजातियों का शिकार रोकना वन्यजीव संरक्षण के तहत आता है। यह पृथ्वी पर वन्यजीवों और उनके आवास की रक्षा की ज़रूरत है ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां बिना किसी डर के रह सकें। प्रकृति की सुंदरता निखारने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए सरकार द्वारा संरक्षण प्रयासों के साथ यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है कि हम व्यक्तिगत रूप से वन्यजीवों के संरक्षण में अपना योगदान करें। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने वन्यजीव संरक्षण की शपथ लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ टी. पी. सागर इकोक्लब कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर संदीप शुक्ला और डॉ. मनीषा सोनेकर ने आभार व्यक्त किया।




सिवनी। शेमरॉक जैक एंड जिल स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

## जेंडर संवेदीकरण जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत सरकार द्वारा दिनांक 02.09.2025 से 12.09.2025 तक जिला, ब्लॉक, पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविरों, नामांकन, सामुदायिक कार्यकमों, कार्यशालाओं एवं अभियानों के माध्यम से महिला केंद्रित विषयों पर संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंटर ऑफ वूमेन के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में गुरूवार 04 सितम्बर 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय तहसील कुरई में जेंडर संवेदीकरण जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। श्रीमति वर्षा बैस केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर द्वारा जेंडर संवेदीकरण जागरूकता एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी दी गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच बाल विवाह दुष्परिणाम विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लिया। श्रीमति नारायणी सक्सेना सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा वन स्टॉप सेंटर की रूपरेखा एवं विभिन्न हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शितेन्द्र यादव एवं विद्यालय का समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी सिवनी के खिलाड़ियों की सहभागिता

# सिवनी के अथर्व कौरव राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए चयनित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विगत दिवस बालाघाट के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में संभाग स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जबलपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, कटनी एवं बालाघाट सहित कुल सात जिलों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिवनी जिले से अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी के तीन खिलाड़ी ईशा कमलेश (अंडर-14 गर्ल्स मिनी), धैर्य विश्वकर्मा (अंडर-17 बॉयज़ जूनियर) और अथर्व कौरव (अंडर-17 बॉयज़ जूनियर) टीम मैनेजर अनिल पाटिल, कोच सेंसेई निकेश पद्माकर एवं सेंसेई योगेश नाविक के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इनमें से अथर्व कौरव ने स्वर्ण पदक जीतकर आगामी राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया है, जबकि ईशा कमलेश और धैर्य विश्वकर्मा ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन कर सिवनी का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर माननीय विधायक श्री



दिनेश राय 'मुनमुन जिला कलेक्टर सुश्री सस्कृति जैन, जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री शिमाला प्रसाद, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. कुमरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे, वरिष्ठ पदाधिकारी संतोष अग्रवाल, अजय (बाबा भैया) पांडे, सुरेंद्रनाथ शुक्ला, देवेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र सिंह राजपूत, नरेंद्र (गुड्डू) ठाकुर, नवीन नाविक, दिनेश सेन, देवेंद्र सेन, माधव दुबे, महर्षि विद्या मंदिर एवं महात्मा गांधी स्कूल के प्राचार्यगण, आशीष अग्रवाल सहित अनेक खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।



## माँ तुझे प्रणाम" योजनाः सिवनी की बेटियाँ बढ़ रहीं हैं संस्कृति और शौर्य की ओर

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के मार्गदर्शन में "माँ तुझे प्रणाम" योजना अंतर्गत सिवनी जिले की 19 युवतियाँ एवं 1 कोच का दल भ्रमण यात्रा हेतु रवाना हुआ। इस यात्रा के दौरान प्रतिभागी दल मानव संग्रहालय, शौर्य स्मारक, वन विहार, सांची, उदयगिरि एवं भोजपुर जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी स्थलों का अवलोकन करेगा। दल प्रभारी की जिम्मेदारी ब्लॉक युवा समन्वयक सुश्री शिवानी पराते निभा रही हैं। रेलवे स्टेशन पर दल को रवाना करने के अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया गणपति विसर्जन



सिवनी। बुधवार, दिनांक 03/09/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने गृह निवास मे विराजित प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया। दोपहर 12 बजे भाजपा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने गणेश चतुर्थी तिथि से गृह निवास मे विराजमान प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी का परिवार जनों के साथ पूर्ण विधी विधान मंत्रोच्चारण से हवन-पूजन, आरती उपरांत श्रद्धापूर्वक प्रतिमा को लेकर अपने निजी जलाशय रानीताल पहुंचे। जहां पर आपने लखनकुंवर महाराज मंदिर के सामने स्थित घाट मे सुपुत्र श्री श्रेष्ठ कान्हा राय एवं साथियों के साथ आरती पूजन उपरांत जय गणेश, महागणेश के जयकारों के साथ श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया।

ज्ञात हो कि गत दिनों विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार अपने गृह निवास लखनादौन मे गणेश चतुर्थी के अवसर पर देश, प्रदेश एवं जिले की उन्नति की मंगल कामनाओं के साथ भगवान श्री गणेश की स्थापना की गयी थी। इस अवसर पर सर्वश्री पंडित मनमोहन मिश्रा खुर्सीपार, गिरीष पाठक , आनंद शुक्ला , रविन्द्र विक्की पांडे , विनय सेन , शिवम तिवारी , सोनू जायसवाल , सुनील यादव सहित कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## सोनखार में विराजित श्री गणेश









आदित्य श्रीवास्त्री ने निवास पर विराजमान किया गणेश भगवान

### मुस्लिम समाज ने पुलिस प्रशासन से की शराब दुकान बंद करने की मांग, डीजे को भी किया प्रतिबंधित

# ईद मिलादुन्नबी पर आज निकलेगा जुलूस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद और कलेक्टर से मिलकर शराब दुकानें बंद रखने की मांग की है।

वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अनीश मेमन ने कहा कि शराब एक सामाजिक बुराई है। उन्होंने सरकार से इस दिन शराब दुकानें बंद रखने का आग्रह किया है।

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में त्योहार की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के प्रमुख चौराहों पर विशेष सजावट की गई है। भारत के नक्शे में ऑपरेशन सिंदूर और सोफिया कुरैशी के शौर्य को दर्शाती झांकी लगाई गई है।

रानी अवंतीबाई चौक पर हजरत ताजुद्दीन बाबा का मजार और रजा चौक में मदीना शरीफ का खाना-ए-काबा प्रदर्शित किया गया है। हजरत मोहम्मद के 1500 वर्ष पूर्ण होने पर इस बार विशेष उत्साह है।

5 सितंबर को सुबह 9 बजे जामा मस्जिद चौक से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। समाज ने इस बार डीजे और केक जैसी दिखावटी चीजों से दूर रहने की अपील की है।

प्रशासन ने त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। दावत-ए-इस्लामी ने जिला अस्पताल में फल वितरण किया। कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पूर्व सदर सुभान मुन्ना मंसूरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## 20 दिन बाद फिर अंबेझरी में वृद्ध किसान पर बाघ ने किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





दक्षिण (सा) वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी में 20 दिन बाद फिर वन्य प्राणी बाघ ने एक वृद्ध किसान पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है. घटना अंबेझरी के कक्ष क्रमांक 580 से सटे खेत की है. जहां कृषि कार्य के साथ घर के पालतू मवेशी चराने गए 65 वर्षीय वृद्ध किसान सेवकराम पिता रामजी गोपाले पर हिंसक वन्य बाघ ने हमला कर दिया. घटना शाम करीब साढ़े 05 बजे की है. बताया जा रहा है कि सेवकराम खेत से घर की तरफ लौट रहे थे तभी अचानक से बाघ ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया. सेवकराम ने किसी तरह से बाघ से अपनी जान बचाई और घर आकर परिजनों को सारी बात बताई. शाम साढ़े 06 बजे सेवकराम को वन विभाग की टीम ने सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया. जहां डॉ भूपेन्द्र गजभिए ने घायल को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है. घटना की सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार अस्पताल पहुंचे. उन्होंने अपने मातहत कर्मचारियों से घटना के बारे में विस्तार से जानकारी ली. इस घटना के बाद अंबेझरी गांव में तनाव का माहौल निर्मित हो गया है ग्रामीणों में भयंकर आक्रोश है. घटना के बाद गोरेघाट सर्किल के वन कर्मियों को अंबेझरी भेजा गया है. वहीं ग्रामीणों को सतर्क और सावधान रहने की अपील की गई है. बाघ के द्वारा हमले की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी भी अस्पताल पहुंचे।

गौरतलब हो कि 14 अगस्त को अंबेझरी में विठ्ठल पिता मारतराव आसटकर उम्र 43 वर्ष पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया था. इस घटना के 20 दिन बाद फिर बाघ ने वृद्ध किसान पर हमला कर दिया. जिससे ग्रामीणों में भयंकर आक्रोश पनप रहा है. ग्रामीण वन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में है. बता दें कि 14 अगस्त की घटना के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी ने ग्रामीणों के साथ गांव में बैठक की थी. इस बैठक में वन्य प्राणी बाघ की गांव के आसपास चहलकदमी पर ग्रामीणों ने चिंता जाहिर करते हुए बाघ को गांव से कैसे दूर रखा जा सकता है. पठार अंचल में किसानों के सामने दोहरी चुनौतियां है. किसानों को खेती-किसानी भी करना है और अपनी जान की भी सुरक्षा करना है. इस प्रकार की घटनाओं के लिए ग्रामीण वन विभाग को दोषी ठहराता है. ग्रामीण वन विभाग से यह उम्मीद करते है कि वह वन्य प्राणियों को पकड़कर दूसरे जंगल में छोड़कर आए लेकिन यह विभाग के लिए इतना आसान काम नहीं है. विभाग लगातार ग्रामीणों को सतर्क और गांव-गांव में मुनादी करवा रहा है. ग्रामीणों को अकेले खेत और जंगल की तरफ ना जाने की अपील कर रहा है. खैर, इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल निर्मित है और अब ग्रामीण वन विभाग के खिलाफ में सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की तैयारी में है।

वन परिक्षेत्र कटंगी दक्षिण सामान्य में मिश्रित वन तेजी से घट रहे हैं. इन वनों के स्थानों पर अब बड़े-बड़े सागौन के प्लांटेशन तैयार किए जा रहे हैं. इस प्लांटेशन को तैयार करने के पीछे सरकार की मंशा अधिक मुनाफा यानी राजस्व अर्जित करना है. लेकिन सरकार को घटते मिश्रित वनों पर चिंता करने की जरूरत है. खासतौर पर इस तरह की घटनाओं के बाद तो चिंता करने की जरूरत है. बीते कुछ सालों से लगातार देखने में आ रहा है कि मिश्रित वनों को समाप्त कर उसके स्थान पर सागौन के प्लांटेशन तैयार कर रहा है. जिससे पर्यावरण का संतुलन तो बिगड़ ही रहा है. इसके अलावा शाकाहारी वन्य प्राणियों के सामने भोजन का संकट भी मंडरा रहा है. यह वन्यप्राणी भोजन की तलाश में आबादी की तरफ आ रहे है और इनके पीछे मांसाहार वन्य प्राणी भी जंगल छोड़कर अब खेतों को अपना नया बसेरा बना चुके है।

## गांव को नशामुक्त बनाने में मदद की मांग, महिलाएं पहुंची एसपी कार्यालय




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए महिलाएं आगे आई हैं। बुधवार को परसवाड़ा क्षेत्र के लामता के आमगांव पंचायत के घोंडगाटोला की महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंचीं।

महिलाओं ने एसपी आदित्य मिश्रा से गांव को नशामुक्त बनाने में मदद की मांग की। महिला प्रतिनिधि हेमलता नगपुरे ने बताया कि गांव में अवैध शराब की बिक्री बिना रोक-टोक के जारी है। इससे युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आ रही है।

महिला प्रतिनिधि हेमलता नगपुरे ने कहा कि शराब के कारण घरों का माहौल खराब हो रहा है। पुरुष नशे में घर वालों को प्रताड़ित करते हैं। स्थानीय पुलिस मदद कर रही है, लेकिन वह काफी नहीं है।

महिलाओं ने एसपी से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की है। जिले के अन्य गांवों में भी महिलाएं नशामुक्ति अभियान के लिए एकजुट हो रही हैं।

## शास.हाईस्कूल सुनारककोड़ी में "हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान" के अंतर्गत संकल्प पत्र का किया वाचन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के लाँजी विकासखंड के ग्राम सुनारककोड़ी के शास.हाईस्कूल में शासन के निर्देशानुसार 1 सितंबर 2025 दिन सोमवार को विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, अनुशासन,पर्यावरण सौंदर्य, विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, सेवा-समर्पण,संस्कार तथा भेदभाव रहित वातावरण निर्माण की दृष्टि से ₹हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान ₹ के विचार एवं भाव को लेकर विद्यालय के शिक्षकों तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा एक साझा संकल्पपत्र का वाचन किया गया। विद्यालय परिसर की स्वच्छता, अनुशासन तथा प्रेरणास्पद वातावरण बनाते हुए विद्यालय की संपदा-संसाधन को राष्ट्रधन मानते हुए इनका संरक्षण कर भेदभाव रहित शिक्षण, आत्मविकास एवं चरित्र निर्माण, सेवा-समर्पण के प्रति ध्यान आकृष्ट करने हेतू विद्यालय में प्रार्थना सभामंच पर संकल्पपत्र का वाचन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एम.एल.एड़े,वरिष्ठ शिक्षक एन. गजभिये के साथ हितेश कटरे,संजय सोनवाने, प्रमोद भिमटे,संगीता घोरमारे, कपिल पटले तथा बी-एड. छात्राध्यापक महेश चौके, छात्राध्यापिका आरती घोरमारे, रश्मि वाकड़े तथा भृत्य सुनिता बड़गैया व विद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

## समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के विक्रय किसान 15 से करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए जिले में किसानों का पंजीयन 15 सितम्बर से प्रारंभ होगा। समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा का विक्रय करने के लिये किसान अपना पंजीयन 10 अक्टूबर तक करा सकेंगे।

कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे करा सकते हैं अथवा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों या सहकारी विपणन संस्थाओं में जाकर भी पंजीयन कराया सकेगा।

इन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन निःशुल्क किया जायेगा। जबकि, एमपी ऑनलाइन कियॉस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं साईबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे। सिकमी अथवा बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल निर्धारित सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर ही उपलब्ध होगी।किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज के विक्रय के लिये पंजीयन कराने हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर पंजीयन केंद्र पहुंचना होगा।

### प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दी गई विज्ञान की जानकारी

## परसामऊ हायर सेकेंडरी में चलित विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा संचालित चलित विज्ञान प्रदर्शनी बालाघाट जिले के भ्रमण पर है। इस चलित विज्ञान प्रदर्शनी का वाहन 03 सितम्बर को दुरस्थ क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसामऊ पहुंचा और वहां के विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विज्ञान के महत्व और विज्ञान की जानकारी दी गई। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि परसामऊ विद्यालय में इस प्रदर्शनी के आयोजन के दौरान विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाऍ उपस्थित थी। विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से रोचक तरीके से विज्ञान के रहस्य बताये गए जो उनके लिए ज्ञानवर्धक रहें।सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने बताया कि यह चलित विज्ञान प्रदर्शनी जिले के तीनो आदिवासी विकासखंड बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा के स्कूलों में भ्रमण करेंगी और बच्चों को विज्ञान के प्रति जागरूक करेंगी। यह चलित प्रदर्शनी 16 अक्टूबर तक पाथरी, गढ़ी, खजरा, आमगांव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर, उत्कृष्ट विद्यालय बैहर, उमावि निक्कुम, जॉनपुर, पल्हेरा, मंडई, सांदीपनी विद्यालय मलाजंखड, उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानेगांव, दमोह, कचनारी, डाबरी, बिठली एवं उकवा का भ्रमण करेंगी और वहां के बच्चो को विज्ञान संबंधी रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदान करेगी।

## गौरव दिवस एवं शिक्षक दिवस पर होगा गुरूजनों का सम्मान

### नपा बालाघाट के तत्वावधान में उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में होगा समारोह

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जो पेशे से शिक्षक रहे और देश को नई दिशा दी उनके जन्मदिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है। देश के गुरूजन भारत का भविष्य गढने का काम करते है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2009 में बालाघाट गौरव दिवस मनाने की नींव रखी और तब से निरंतर यह यादगार पल शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करते हुए 5 सितंबर को मनाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में शुक्रवार को दोप. 1 बजे से समारोहपूर्वक आयोजन किया जायेगा इस अवसर पर शिक्षा जगत की विभूतियों का स्मरण कर सेवानिवृत्त गुरूजनों का सम्मान होगा। नगर पालिका परिषद बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित शिक्षक दिवस एवं बालाघाट गौरव दिवस के अवसर पर प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी,नपा सभापति, पार्षदगण, जिला शिक्षाधिकारी, नपा अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर की समस्त शासकीय, अशासकीय शालाओं के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहेंगे। नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष उत्साह के साथ शिक्षक दिवस सह बालाघाट गौरव दिवस मनाया जाता है जहां हम शिक्षकों का सम्मान कर कृतज्ञता जताते है।

### बम्हनी अटैच महदुली के चिकित्सक

# जानलेवा ना साबित हो जाए जुगाड़ टेक्नोलॉजी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

भारत में जुगाड़ टेक्नोलॉजी काफी विकसित है संसाधनों के अभाव में अकसर गांवों में लोग जुगाड़ से अपने कई काम को आसान करते है. अब इसी जुगाड़ टेक्नोलॉजी को स्वास्थ्य विभाग ने भी अपना लिया है. प्रदेश में लंबे समय से काबिज भाजपा सरकार अस्पतालों की इमारतें तो बना रही है लेकिन सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी को दूर करने की कोशिशें ऊंट के मुंह में जीरे के समान दिखाई देती है. बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी में चिकित्सकों की कमी एक बेहद ही गंभीर विषय है. करीब दो दशक से क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में संचालित होने वाले स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे है. अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने से मरीजों की मौत तक के मामले सामने आए है. बीते दिनों आयुष्मान आरोग्य केंद्र बम्हनी में चिकित्सक की कमी से प्रसूति महिला को समय पर उपचार नहीं मिला और जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई. इस घटना के बाद आनन-फानन में आयुष्मान आरोग्य केंद्र महदुली के चिकित्सक को बम्हनी अटैच कर दिया गया है. अब महदुली केंद्र पर आश्रित करीब 10 गांवों की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है।




### ग्रामीणों में आक्रोश

आयुष्मान आरोग्य मंदिर महदुली में करीब 07 माह पहले पदस्थ डॉ सौरभ मजूमदार को जुगाड़ टेक्नोलॉजी के जरिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर बम्हनी में अटैच कर दिया गया है. दरअसल, गत दिवस 17 अगस्त को बम्हनी अस्पताल में चिकित्सक की कमी के कारण एक आदिवासी प्रसूति महिला सरिता चमन लाल कुम्भरे को समय पर उपचार नहीं मिल पाया. जिससे जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई. इस घटना के बाद आनन-फानन में महदुली के चिकित्सक को बम्हनी अस्पताल में अटैच कर दिया गया. अब महदुली केंद्र भगवान भरोसे हो गया है. चिकित्सक का पद खाली होने से ग्रामीण जनता को परेशानी होने लगी. इस समस्या को ध्यान में रखते हुए गत दिवस जनपद सदस्य प्रमिला परिहार, सरपंच कोमल परिहार सहित अन्य ग्रामीणों ने बीएमओ डॉ पंकज दुबे को एक ज्ञापन सौंपकर डॉ सौरभ मजूमदार को यथावत रखने की मांग की. तब बीएमओ ने ग्रामीणों को यह भरोसा दिया था कि डॉ मजूमदार तीन दिन बम्हनी और तीन दिन महदुली में सेवाएं देंगे लेकिन डॉ मजूमदार पूरे दिन बम्हनी में ही सेवाएं दे रहे है और प्रतिदिन महदुली से बम्हनी आना-जाना कर रहे है. इससे ग्रामीण स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे है।

### बम्हनी के चिकित्सक कटंगी में अटैच

आयुष्मान आरोग्य मंदिर बम्हनी में डॉ भूपेन्द्र गजभिए की नियुक्ति है. उन्हें कोरोना कॉल के दौरान कटंगी अस्पताल में अटैच किया गया तब से लेकर अब तक वह कटंगी में ही सेवाएं दे रहे है. उन्हें कटंगी किस अधिकारी के निर्देश पर अटैच किया गया है यह स्पष्ट नहीं है. बीएमओ कहते है कि सीएमएचओ ने अटैच किया गया है जबकि सीएमएचओ को यह जानकारी दी जाती है कि डॉ गजभिए बम्हनी में ही सेवाएं दे रहे है. बम्हनी के ग्रामीण काफी लंबे अर्से से डॉ भूपेन्द्र गजभिए को यथावत करने की मांग कर रहे है. मगर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है. क्षेत्र की बदहाल हो चुकी स्वास्थ्य सेवाओं पर सत्ताधारी दल के नेता भी चुप्पी साधे बैठे हुए है और विपक्ष घर में दुबक कर बैठा है. आमजन की समस्याओं पर सत्ता और विपक्ष दोनों की खामोशी बता रही है कि जनता उनके लिए केवल वोट बैंक है बाकि ग्रामीणों के सरकारों और अधिकारों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है।

### इनका कहना है

बीएमओ डॉ पंकज दुबे ने हमें गुमराह किया महदुली अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक को बम्हनी में अटैच कर दिया गया. जिससे करीब 10 गांवों की जनता को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**प्रमिला परिहार**
**जनपद सदस्य**

आयुष्मान आरोग्य मंदिर महदुली में आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोग अपना उपचार कराने के लिए आते थे लेकिन अब चिकित्सक नहीं है तो सभी को परेशानी हो रही है।

**कोमल परिहार सरपंच**

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 04 सितम्बर को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

**शेष रह गए किसानो की फॉर्मर आईडी शीघ्रता से बनाए:** बैठक में सर्वप्रथम किसानो की फार्मर आईडी बनाने के कार्य की समीक्षा की गई। जिन किसानो की फॉर्मर आईडी नही बनी है उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना का लाभ नही मिल रहा है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि लालबर्रा, खैरलांजी एवं वारासिवनी तहसील में बड़ी संख्या में किसानो की फॉर्मर आईडी बनाए जाना शेष है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि यदि कोई किसान मृत हो गया है तो उसके वारिसों के नाम से फॉर्मर आईडी बनायी जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के मृत किसानों के फौती नामांतरण हुए है या नहीं इसकी जांच कर ले। उन्होंने कहा कि नामांतरण के प्रकरणों में निगेटिव प्रगति पाए जाने पर संबंधित कोर्ट तहसीलदार का एक दिन का वेतन काटकर राजसात करने की कार्यवाही की जाएगी।

**नजूल पट्टो का समय सीमा में नवीनीकरण हो:** स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि जिन पटवारियों द्वारा इस योजना में संतोषजनक कार्य नही किया जा रहा है उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। नगरीय क्षेत्रों में लीज नवीनीकरण के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिक संख्या में प्रकरण लंबित पाए जाने पर नजूल तहसीलदार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने सख्त निर्देश दिये कि नजूल पट्टो का शत प्रतिशत नवीनीकरण समय सीमा में होना चाहिए। किसी भी व्यक्ति से नजूल पट्टे के नवीनीकरण नही होने के संबंध में शिकायत प्राप्त नही होना चाहिए। उन्होंने नजूल शाखा के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि वे इस बात की जांच करे कि नजूल पट्टो के नवीनीकरण के बाद अब तक कितने पट्टे जारी नही किये गए है।

### जिले में 05 सितम्बर को भारी वर्षा की संभावना

**बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के छेत्रिय कार्यालय भोपाल से प्राप्त 05 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में दिनांक 05 सितम्बर की अवधि में भारी वर्षा होने की संभावना बतायी गई है। इसके साथ ही 06 से 09 की अवधि में हल्की वर्षा के साथ बिजली गिरने, आसमान में मध्यम बादल, आंधी, तूफान की भी संभावना रहेगी। इस समय अधिकतम तापमान 28.7 से 31.4 डिग्री सेल्शियस तथा न्यूनतम तापमान 22.4 से 22.9 डिग्री सेल्शियस तथा सुबह हवा में 95-98 प्रतिशत तथा दोपहर में 84-89 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है।

## टेकाडीघाट वन समिती के अध्यक्ष पद के चुनाव में प्रणय गौरे ने 45 वोटो से की जीत हासिल, समर्थको ने की खुशी जाहिर

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



वन परिक्षेत्र खैरलांजी के सहायक वन परिक्षेत्र मिरगपुर के अंतर्गत आने वाली वन समिति टेकाडीघाट में सोमवार 1 सितंबर को अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें प्रणय गौरे 45 वोटो से जीत हासिल कर अध्यक्ष पद पर काबिज हुए। प्रणय गौरे के चुनाव जीतने पर उनके सहयोगी व समर्थको द्वार खुशी जाहिर की गई। जानकारी के अनुसार टेकाडीघाट वन समिती के अध्यक्ष पद का चुनाव वन विभाग के द्वारा सोमवार को कराया गया। जिसमे चार उम्मीदवार के द्वारा नामांकन भर कर चुनाव चिन्ह प्राप्त किया जिसके बाद उम्मीदवार के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया। ग्राम में 1213 मतदान है। चुनाव के दौरान मतदाता के द्वारा 681 मतदान दिया गया, जिसमें से प्रणय गौरे को 239 मत प्राप्त हुए। 194 मत निलाजी एडे को मिले तथा 171 रिसन कटरे एंवं इनेंद्र क्षीरसागर को 162 मतदान प्राप्त हुए। प्रणय गौरे पिंटू के द्वारा 45 वोटो से निकटतम प्रत्याशी को हराकर अध्यक्ष पद का चुनाव जीता। प्रणय गौरे के चुनाव जीतने पर उनके समर्थको के द्वारा खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया गया।